गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2021 29.10.2021

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 **स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू**	2. लिस्टिंग विभाग, बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

महोदय/महोदया,

कृपया " **गेल द्वारा अब तक के सबसे अधिक अर्धवार्षिक कारोबार, पीबीटी और पीएटी अर्थात् अर्धवार्षिक पीएटी 194% वृद्धि के साथ 4,393 करोड़**" दर्ज करने संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की एक प्रति संलग्न है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्न : उपर्युक्त के अनुसार

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुम्बई-400051

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक कारोबार, पीबीटी और पीएटी दर्ज किया

अर्धवार्षिक पीएटी 194% वृद्धि के साथ 4,393 करोड़ हुआ।

नई दिल्ली, अक्तूबर 29, 2021: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 22 की पहली छमाही में अपना अब तक का सर्वाधिक अर्धवार्षिक कारोबार और लाभ दर्ज किया, जिसमें पिछले वित्त वर्ष के 25,671 करोड़ रुपये की तुलना में 51% की वृद्धि के साथ 38,829 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 201% वृद्धि के साथ 5,736 करोड़ रुपए रहा जबकि पिछले वर्ष की प्रथम छमाही में यह 1,907 करोड़ रुपए था । इस छमाही में कर पश्चात लाभ भी 194% वृद्धि के साथ 4,393 करोड़ रुपये हुआ जबकि वित्त वर्ष 21 के प्रथम छमाही के 1,495 करोड़ रुपए था।

तिमाही आधार पर गेल का सकल कारोबार वित्त वर्ष 22 की प्रथम तिमाही में 17,352 करोड़ रुपए की तुलना में द्वितीय तिमाही में 24% वृद्धि के साथ 21,477 करोड़ रुपए रहा । वित्त वर्ष 22 की द्वितीय तिमाही में कर पूर्व लाभ 79% वृद्धि दर्ज करते हुए 3,682 रहा जबकि वित्त वर्ष 22 की प्रथम तिमाही में यह 2054 करोड़ रुपये था । वित्त वर्ष 22 की द्वितीय तिमाही में कर पश्चात लाभ प्रथम तिमाही के 1,530 करोड़ रुपये की तुलना में 87% वृद्धि के साथ 2,863 करोड़ रुपये हुआ ।

तिमाही के दौरान कंपनी के वास्तविक निष्पादन में सभी प्रमुख क्षेत्रों में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 22 के द्वितीय तिमाही में प्राकृतिक गैस संचरण 6% वृद्धि के साथ 114.32 एमएमएससीएमडी रहा जबकि वित्त वर्ष 22 के प्रथम तिमाही में 107.66 एमएमएससीएमडी था। वित्त वर्ष 22 के द्वितीय तिमाही में प्राकृतिक गैस मार्केटिंग 2% वृद्धि के साथ 97.72 एमएमएससीएमडी हुआ जबकि वित्त वर्ष 22 के प्रथम तिमाही में 95.95 एमएमएससीएमडी था । इस तिमाही में पेट्रोकेमिकल उत्पादन बिक्री 60% वृद्धि के साथ वित्त वर्ष के प्रथम तिमाही के 138 टीएमटी की तुलना में 221 टीएमटी था ।

समेकित आधार पर वित्त वर्ष 22 की प्रथम तिमाही के 17,551 करोड़ रुपये की तुलना में समूह का समेकित कारोबार 24% वृद्धि के साथ द्वितीय तिमाही में 21,739 करोड़ रुपये रहा । वित्त वर्ष 22 की प्रथम तिमाही के 2,540 करोड़ रुपये की तुलना में समूह का द्वितीय तिमाही में 47% वृद्धि के साथ कर पूर्व लाभ 3,728

करोड़ रुपये रहा । वित्त वर्ष 22 की प्रथम तिमाही के 2,138 करोड़ रुपये की तुलना में समूह का द्वितीय तिमाही में 35% वृद्धि के साथ कर पश्चात लाभ 2,883 करोड़ रुपये रहा

श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने बताया कि वित्त वर्ष 22 की पहली छमाही के दौरान गेल ने मुख्यतः पाइपलाइन, इक्विटी और पेट्रोकेमिकल्स आदि पर 3,180 करोड़ रुपये व्यय किया है । उन्होंने कहा कि तिमाही के दौरान कंपनी के सभी क्षेत्रों के निष्पादन में काफी सुधार हुआ है और आगे यह भी बताया कि एक सतत स्थायी भविष्य निष्पादन की उम्मीद है।